e-mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका सं0– 01 / भू0अ0नि0(5)क्षे0आ0(संविदा)लखीसराय– 30 / 2022..7011...... **पटना, दिनांक**:–14/09/2023

आदेश

सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के स्तर पर दिनांक 14.08.2023 को बन्दोबस्त कार्यालय, लखीसराय के अन्तर्गत शिविर सं0– हलसी–02 का जूम बैठक के माध्यम से सर्वेक्षण कार्यों की समीक्षा की गयी। कार्यों के समीक्षा के क्रम में पाया गया कि शिविर प्रभारी श्री अमित कुमार (Emp.ID-ASO00186), विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी के शिविर का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है।

उक्त के आलोक में निदेशालय कार्यालय पत्रांक 6414 दिनांक 16.08.2023 के द्वारा कार्य के प्रति लापरवाही एवं शिथिलता बरतने के आरोप के विरूद्ध इनसे स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा अपना स्पष्टीकरण निर्धारित समय के अन्दर समर्पित किया गया है।

प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरान्त पाया गया कि इनके द्वारा स्पष्टीकरण पूछे जाने के बाद शिविर सं0– हलसी– 02 में दो मौजों का एल0पी0एम0 का वितरण किया गया है। स्पष्टीकरण में दिये गए तथ्य स्वीकार योग्य नहीं है तथा इनके द्वारा सर्वेक्षण कार्य में शिथिलता बरती जा रही है। सर्वेक्षण कार्य एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे योजना अवधि के अन्तर्गत पूर्ण किया जाना है। कार्य की प्रगति धीमी रहने से सरकार के राजस्व का भी नुकसान होता है।

अतः कार्य में शिथिलता बरतने के आरोप में एवं भविष्य में सर्वेक्षण कार्य में सुधार लाने के दृष्टिगत श्री अमित कुमार, विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी का तत्काल 15 (पन्द्रह) दिनों का मानदेय कटौती की जाती है।

साथ ही भविष्य के लिए चेतावनी दी जाती है कि यदि इसकी पुनरावृत्ति होती है तो नियमानुकूल कार्रवाई की जायेगी।

(जय सिंह) 14/9/23
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01 / भू0अ0नि0(5)क्षे0आ0(संविदा)लखीसराय– 30 / 2022..7011..... **पटना, दिनांक** :14/09/2023

प्रतिलिपि :– श्री अमित कुमार (Emp.ID- ASO00186), विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, लखीसराय को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक 14/9/23
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01 / भू0अ0नि0(5)क्षे0आ0(संविदा)लखीसराय– 30 / 2022..7011..... **पटना, दिनांक** :14/09/2023

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बन्दोबस्त कार्यालय, लखीसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक 14/9/23
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01 / भू0अ0नि0(5)क्षे0आ0(संविदा)लखीसराय– 30 / 2022..7011..... **पटना, दिनांक** :14/09/2023

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेश दिया जाता है कि इसकी स्कैन कॉपी R2R के अन्तर्गत संधारित व्यक्तिगत संचिका में संधारित करें।

निदेशक 14/9/23
भू–अभिलेख एवं परिमाप